भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 1529

जिसका उत्तर 15.12.2022 को दिया जाना है

सड़क निर्माण और मरम्मत कार्य

1529. श्री प्रतापराव पाटिल चिखलीकर:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार नांदेड़ और आसपास के क्षेत्रों में सड़क निर्माण और मरम्मत कार्यों की धीमी गति और घटिया गुणवत्ता से अवगत है और यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;

(ख) क्या इस संबंध में कोई जांच की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) उक्त सड़क निर्माण कार्य में काम की गति और गुणवत्ता बनाए रखने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग) महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में निर्धारित समय से पीछे चल रही राष्ट्रीय राजमार्ग (रारा) परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है। इनमें से कुछ परियोजनाओं में भूमि अधिग्रहण में विलंब, वन मंजूरी में देरी, ठेकेदारों/रियायतग्राहियों के खराब निष्पादन और कोविड महामारी आदि के कारण विलंब हो रहा है। इन परियोजनाओं में तेजी लाने के लिए भूमि अधिग्रहण और वन मंजूरी को सुव्यवस्थित करने, राज्य सरकार के प्राधिकारियों, ठेकेदारों/रियायतग्राहियो के साथ विभिन्न स्तरों पर लगातार समीक्षा बैठकें आदि जैसे विभिन्न कदम उठाए जा रहे हैं।

रारा कार्यों के अनुबंध दस्तावेज में रारा परियोजनाओं के विभिन्न घटकों/मदों के विनिर्देशों को निर्दिष्ट किया जाता है और रारा परियोजनाओं के लिए नियुक्त प्राधिकरण के अभियंता/स्वतंत्र अभियंता यह सुनिश्चित करते हैं कि ठेकेदार/रियायतग्राही निर्धारित प्रक्रिया/विनिर्देशों के अनुसार कार्यों को निष्पादित करें। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की विभिन्न कार्यान्वयन एजेंसियों के अधिकारियों द्वारा गुणवत्ता आश्वासन और गुणवत्ता नियंत्रण मदों की निगरानी/सुनिश्चित की जा रही है। कोई दोषपूर्ण कार्य पाए जाने पर प्राधिकरण के अभियंता/स्वतंत्र अभियंता द्वारा गैर-अनुपालन रिपोर्ट (एनसीआर) जारी की जाती है और इसे स्वीकार करने से पहले ठेकेदारों/रियायतग्राहियों को विनिर्देशों के अनुसार कार्य में सुधार करना आवश्यक है।

अनुबंध

'सड़क निर्माण और मरम्मत कार्य' के संबंध में श्री प्रतापराव पाटिल चिखलीकर द्वारा पूछे गए दिनांक 15.12.2022 के लोक सभा लिखित प्रश्न सं. 1529 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

....

महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में निर्धारित समय से पीछे चल रही राष्ट्रीय राजमार्ग (रारा) परियोजनाओं का विवरण

क्र.सं	रारा सं.	खंड	कुल लंबाई (किमी में)	पूरी की गई लंबाई (किमी में)	पूरा होने की संभावित तारीख
1	361	महाराष्ट्र राज्य में रारा- 361 का चाकुर से लोहा खंड (चैनेज किमी 114.345/114.600 से किमी187.800)	73.445	51.2	04.06.2023
2	361	महाराष्ट्र राज्य में रारा- 361 का लोहा से वारंगा फाटा खंड (चैनेज किमी 187.800 से किमी 244.369)	56.569	32.5	04.06.2023
3	361	महाराष्ट्र राज्य में रारा-361 का वारंगा-महागांव खंड (चैनेज किमी 253.700 से किमी 320.580)	66.88	56.5	30.06.2023
4	161ए	सरसुमकोठारी-	57	41.55	31.05.2023
5	61	नसरतपुर से बरसगांव	30.05	23.55	31.05.2023
6	161ए	बरसगांव से रहाटी	55.53	55.53	28.08.2023
7	161ए	कोठारीधनोरा-	58	44.560	31.03.2023
8	752आई	अर्धापुरहिमायतनगर -	64.7	59.450	31.03.2023
9	752आई	हिमायतनगरफुलसवांगी -	39.013	31.840	31.03.2023
10	161ए	उस्माननगर कुंद्राल -	52.73	45.61	31.03.2023
11	63	166+500 किमी पर येसगी गांव के पास मंजारा नदी पर उच्च स्तरीय प्रमुख पुल का निर्माण	-	-	03.08.2023

*****